an>

Title: Need to set up a 2000 MW Power House in Sandila Nagar in District Hardoi, Uttar Pradesh.

श्रीमती अंजू बाला (मिश्रिख) : सभापति महोदय, 67 वर्ष की स्वतंतृता के बाद इक्कीसवीं सदी में हमारा देश विकास के लिए प्रयासरत है। हम सब देशवासी सोचते हैं कि हम भी सुखी हों और हमारे जीवन के लिए आवश्यक सभी सुविधाएं हमें मिल जाएं जिसके लिए आज पहली आवश्यकता बिजली है। उसकी उपलब्धता उत्तर पूदेश में नहीं के बराबर है। अभी बीते अप्रैल, मई, जून, जुलाई के महीनों में पूदेश भर में बिजली के लिए आंदोलन हुए। जनता की मांग थी कि कुछ घंटे ही सही लेकिन बिजली आए, क्योंकि गरीब लोगों को टीवी नहीं देखना होता, लेकिन वे चाहते हैं कि कम से कम रात को एक बल्ब की रोशनी में हम खाना तो खा सकें। हमने उत्तर पूदेश में आंदोलन किए, लेकिन बिजली तब भी नहीं मिली। उस आंदोलन के नाम पर हमें उपहार के रूप में पुलिस के डन्डे, मुकदमे और कोर्ट-कचहरी के चक्कर मिले जिसमें लोगों पर तरह-तरह के इल्जाम लगा दिए गए।...(व्यवधान)

माननीय सभापति : यह जीरो आवर है। आप अपनी डिमांड बता दीजिए।

â€¦(व्यवधान)

श्रीमती अंजू बाला: मैं बिजली की इस अति गंभीर समस्या से जुड़े जनहित में लोक महत्व के पृश्न पर आपके माध्यम से सरकार से मांग करती हूं कि जनपद हरदोई के सन्डीला नगर के पास उत्तर पूदेश राज्य औद्योगिक विकास निगम की भूमि पर दो हजार मेगावाट के पावर हाउस का निर्माण कराया जाए।